राजस्थान सरकार

[न्याया]लय अदालत सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला–बाड़मेर

[शंकर पुत्र] हेमराज जाति रबारी, निवासी गंगासरिया, [तहसी]ल सेड़वा, जिला बाड़मेर।	विप्रार्थीगण 1 जोगाराम पुत्र द्वारकाराम 2. जोगाराम पुत्र पदमाराम 3. नरसीराम पुत्र पदमाराम 4. नागजी पुत्र उकाराम 5. पीथाराम पुत्र हेमराज 6. भूपाराम पुत्र उकाराम 7. मफीदेवी पत्नि द्वारकाराम 8. वलियादेवी पत्नि पदमाराम जाति रबारी, निवासी गंगासरिया, तहसील सेड़वा,बाड़मेर 9. सहायक अभियन्ता, जोधपूर विद्युत वितरण निगम लि. फागलिया, तहसील सेड़वा 10. विकास अधिकारी, पंचायत समिति फागलिया 11. शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैक शाखा सेड़वा 12. शाखा प्रबन्धक, भूमि विकास बैंक शाखा बालोतरा 13. शाखा प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा साता 14. तहसीलदार, साहब सेड़वा जिला बाड़मेर 15. उपपंजीयक, फागलिया तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर

किस्म मुकदमा राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम मु.न....89......../2024

3/5/24 प्रार्थी शंकर पुत्र हेमराज जाति रबारी, निवासी गंगासरिया, तहसील सेड़वा, जिला बाड़मेर की ओर से अधिवक्ता श्री मोहनलाल खिलेरी ने वादपत्र अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के साथ प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम प्रस्तुत किया है, जो दर्ज किया जाकर दर्ज रजिस्टर हो। स्थगन प्रार्थना पत्र के साथ **तहसील सेड़वा के मौजा गंगासरिया पटवार क्षेत्र भंवरिया भू.अ.नि. बाखासर के खसरा सं. 143 रकबा 30.9341 हैक्टेयर, खसरा संख्या 153 रकबा 0.3723 हैक्टर, खसरा संख्या 201 रकबा 9.1783 हैक्टर किस्म बा.सो. भूमि की जमाबंदी प्रस्तुत की है।** अधिवक्ता ने अपनी बंहस में प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए अस्थाई निषेधाज्ञा हेतु निवेदन किया है।

स्थगन प्रार्थना पत्र पर वकील प्रार्थी की एक पक्षीय बहस विस्तार पूर्वक सुनी गई, पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा हाजा न्यायालय में विवादित आराजी के खातेदारी घोषणा का वाद प्रस्तुत किया गया है। इस स्थिति में प्रथम दृष्टया मामला, सुविधा का संतुलन व अपूरणिय क्षति प्राथी के पक्ष में प्रतीत होते है। अतः **इस आशय की अस्थाई निषेधाज्ञा पारित की जाती है कि विप्रार्थीगण को आगामी तारीख पेशी तक तहसील सेड़वा के मौजा गंगासरिया पटवार क्षेत्र भंवरिया भू.अ.नि. बाखासर के खसरा सं. 143 रकबा 30.9341 हैक्टेयर, खसरा संख्या 153 रकबा 0.3723 हैक्टर, खसरा संख्या 201 रकबा 9.1783 हैक्टर किस्म बा.सो. भूमि के राजस्व अभिलेखों में किसी प्रकार का परिर्वतन नहीं करें, प्रार्थी के कब्जे काश्त में दखलन्दाजी पैदा न करे तथा वादग्रस्त भूमि पर खड़े वर्षो पुराने माठ, बाड़ व मांठो में रदो–बदल, छेड़–छाड़ नहीं करें तथा न ही मांठो को काटे तथा प्रार्थी को बेदखल कर कच्चा–पक्का निर्माण कार्य नहीं करें तथा प्रार्थी के खेत में अप्रार्थीगण जबरन प्रवेश नहीं करें। मौके एवं राजस्व रेकर्ड की यथास्थिति बनाए रखे।**

इस आशय का स्थगन आदेश जारी किया जाता है। स्थगन अहकॉम तहसीलदार सेड़वा को जारी हो। वकील प्रार्थी इस आशय के नोटिस विप्रार्थीगण की तलबी हेतु 7 दिवस में रजि.एडी सहित न्यायालय हाजा में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। प्रार्थी वकील आदेश 39 नियम 03 सीपीसी की पालना करे। विप्रार्थीगण को स्थगन के नोटिस जारी होकर पत्रावली वास्ते जबाव आगामी पेशी तारीख 31/05/24 को पेश हो।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी सेड़वा
सहायक कलक्टर
(SDO) सेड़वा

31/5/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। विप्रार्थीगण के सम्मन तामिल। अदम तामिल अप्राप्त। इंतजार होकर पत्रावली अग्रिम दिनांक 06/06/2024 को पेश हो।

6/6/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी अस्थित। पत्रावली पूर्व आदेश की पालना में आईन्दा दिनांक 08/07/24 को पेश हो।

07/07/24 पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी व प्रार्थी स्वयं उप.। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र वास्ते पत्रावली तलब करने बाबत पेश कर निवेदन किया कि पत्रावली आज पेशी तारिख पर ली जावें। वकील प्रार्थी के प्रार्थना पत्र पर पत्रावली आज पेशी तारिख पर ली गई। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र वास्ते आवेदन विड्रो करने बाबत निवेदन किया कि उक्त अनवान प्रकरण में हम पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से वादग्रस्त आराजी के आपसी सहमति से सुलह हो गया है। अब उक्त आराजी का हमारे विवाद नहीं रहने से मूल आवेदन में प्रार्थी कोई कार्यवाही नहीं चाहता है। इसलिए उक्त आवेदन को अपने स्वेच्छा से विड्रो करना चाहता है।

अतः प्रार्थी वकील द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को न्यायहित में स्वीकार किया जाकर उक्त अनवान के आवेदन को जरिये राजीनामा विड्रो किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। संख्या से एक कम हो।

सहायक कलेक्टर
(SDO) सेड़वा

नि० शंकर
पहचानकर्ता
[illegible]
द. प्रार्थी